दैनिक नवज्योति

# ऐश्वर्या कॉलेज के विद्यार्थियों ने किया भम्रण



नवज्योति/जोधपुर। ऐश्वर्या कॉलेज के कम्प्यूटर सांइस के विद्यार्थियो ने औद्योगिक भ्रमण के तहत मंगलवार को उत्तर-पश्चिम रेलवे के वर्कशॉप का भ्रमण किया। विभागाध्यक्ष नवीन जोशी ने बताया, 60 विद्यार्थियो के दल ने सहायक प्रोफेसर नवीन पुरोहित एवं आतिश रॉय के नेतृत्व मे वर्कशॉप का भ्रमण कर यान्त्रिकी, संचार तथा विद्युत प्रक्रिया और सिग्नल प्रणाली पर चर्चा की। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को कोच एवं उनके मैन्टेंशन के अतिरिक्त संचार के सन्दर्भ में कम्प्यूटर सांइस के विद्यार्थियों को अवगत कराया। कॉलेज के चैयरमेन भूपेन्द्र सिंह राठौड़ ने विद्यार्थियों को भ्रमण के तहत मिलने वाली जानकारियों को व्यवहारिक ज्ञान के साथ जोड़ इसके साफ्टवेयर बनाने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया। प्राचार्य डॉ. ऋषि नेपालिया ने बताया, सभी डिपार्टमेन्ट के विद्यार्थियों के लिए औद्योगिक भ्रमण निश्चित किया गया हैं। भ्रमण के दौरान रेलवे की ओर से विकास मीणा एवं कमलेश शर्मा ने सभी तरह के यान्त्रिकी, विद्युत तथा संचार संबंधी जिज्ञासाओ को विस्तार से समझाया।

राजस्थान पत्रिका

# ऐश्वर्या कॉलेज के विद्यार्थियों ने किया औद्योगिक भ्रमण

जोधपुर @ पत्रिका. ऐश्वर्या कॉलेज के कंप्यूटर साइंस के विद्यार्थियों ने उत्तर पश्चिमी रेलवे वर्कशॉप का औद्योगिक भ्रमण किया। विभाग अध्यक्ष नवीन जोशी ने बताया कि 60 विद्यार्थियों के दल ने सहायक आचार्य नवीन पुरोहित और आतिश रॉय के नेतृत्व में वर्कशॉप का भ्रमण कर यांत्रिकी, संचार और विद्युत प्रक्रिया को बारीकी से जाना। कॉलेज के चेयरमैन भूपेंद्र सिंह राठौड़ और प्राचार्य ऋषि नेपालिया ने बताया कि भ्रमण के अंतर्गत मिलने वाली जानकारियों से व्यवहारिक ज्ञान के साथ तकनीकी ज्ञान भी बेहतर बनता है।